प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 21.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा में छह हजार चार सौ पचास करोड़ रूपये का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित, वित्त मंत्री ने सदन में पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट।
2. जेपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत, मुख्यमंत्री ने की घोषणा, कटऑफ डेट अब होगी अगस्त दो हजार बाइस।
3. अड़तालीस नगर निकायों में तेइस फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार थमा, प्रशासन की तैयारियां पूरी, बूथों के लिए कल रवाना होगी पोलिंग पार्टियां।

और

4. पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा इलाके में सर्च अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से एक जवान घायल।

****

विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन आज सदन ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए छह हजार चार सौ पचास करोड़ रूपये का तृतीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके बाद विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही चौबीस फरवरी सवेरे ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इससे पहले वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। सदन में चौबीस फरवरी को वार्षिक बजट पेश किया जाएगा।

****

राज्य सरकार ने जेपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज विधानसभा में घोषणा की कि परीक्षा के लिए कटऑफ वर्ष दो हजार बाइस निर्धारित की जाएगी। इस फैसले से उन हजारों युवाओं को फायदा मिलेगा, जो पूर्व निर्धारित तिथि के कारण आवेदन करने से वंचित रह गए थे।

****

राज्य के अड़तालीस नगर निकायों में तेइस फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार का शोर आज थम गया। प्रचार की अवधि खत्म होने के बाद प्रत्याशी अब डोर–टू–डोर संपर्क अभियान में जुट गये हैं। इधर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मतदान को लेकर पोलिंग पार्टियों को कल मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। नगर निगमों में महापौर तथा नगर परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए कुल दो सौ पचहत्तर उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, वहीं वार्ड पार्षद के लिए दो हजार तीन सौ तेरह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

****

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन के रुख की कड़ी आलोचना की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी दलीय आधार पर और ईवीएम से निकाय चुनाव कराने की लगातार मांग करती रही, लेकिन सरकार ने इसे नजर अंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान पुलिस प्रशासन का रवैया पक्षपातपूर्ण रहा तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसके अलावा एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका प्रसारण होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

****

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश ने इकतीस मार्च तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। आज गुवाहाटी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि सीआरपीएफ के जवान और कोबरा बटालियन देश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान हुए आईईडी विस्फोट से सुरक्षा बल के दो जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाए गए आईईडी का विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में कोबरा बटालियन के दो जवान आ गए। उन्होंने बताया कि बेहतर इलाज के लिए जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया है। हालांकि घायल जवानों की हालत स्थिर बताई गई है।

****

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का आज समापन हो गया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कई तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए गए। श्री वैष्णव ने समिट स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हंगामा करने पर कहा कि लोगों ने इसे बेहद शर्मनाक बताया है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति महेश शरदचंद्र सोनक ने आज पलामू सिविल कोर्ट परिसर में पौधरोपण किया। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

****

हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर में वन विभाग की ओर से वन रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में वनपाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

****

रांची समेत राज्य के दक्षिणी हिस्से में तेइस और चौबीस फरवरी को सामान्य रूप से बादल छाये रहेंगे तथा कहीं–कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने

अपने पूर्वानुमान में बताया है कि कल सवेरे कुहासा छाया रहेगा और बाद में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। मौसम केन्द्र के अनुसार राज्य में अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं हैं।

********समाप्त*********